(b) कथन II सही है, लेकिन कथन I गलत है।
(c) दोनों कथन सही हैं।
(d) दोनों कथन गलत हैं। (e) अनुत्तरित प्रश्न

112. खाद्य टीकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कर सही उत्तर का चयन कीजिए:
कथन-I: ये ट्रान्सजेनिक जीवाणुओं द्वारा उत्पादित पुनर्योगज प्रोटीन होते हैं।
कथन-II: ये व्यक्ति को देने में दर्द रहित, कम लागत एवं सुगम संचयन वाले होते हैं।
(a) कथन I एवं II दोनों गलत हैं।
(b) कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है।
(c) कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है।
(d) कथन I एवं II दोनों सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

113. नीचे दिए गए कथन एवं कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए-
Assertion (A): राजस्थान में "ड्रिप सिंचाई" का सर्वाधिक उपयोग बागवानी फसलों में होता है।
Reason (R): ड्रिप सिंचाई जल उपयोग दक्षता को बढ़ाकर वाष्पोत्सर्जन हानि कम करती है।
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है, R गलत है
(d) A गलत है, R सही है (e) अनुत्तरित प्रश्न

114. निम्न प्रश्न में एक अभिकथन तथा एक कारण दिया गया है।
अभिकथन (Assertion - A):यदि किसी जीव में किसी विशिष्ट जीन के दोनों एलील (Alleles) पूरी तरह समान होते हैं, तो उस जीन युग्म की स्थिति को समयुग्मजी (Homozygous) कहा जाता है।
कारण (Reason - R):समयुग्मजी जीव एक ही लक्षण के लिए समान आनुवंशिक कूट (जैसे- दोनों प्रभावी 'TT' या दोनों अप्रभावी 'tt') वहन करते हैं, जिसके कारण वे इस लक्षण के लिए शुद्ध नस्ल (Pure-breeding) वाले होते हैं।
(a) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, लेकिन R गलत है।
(d) A गलत है, लेकिन R सही है।(e) अनुत्तरित प्रश्न

115. निम्नलिखित प्रश्न मे एक कथन और दूसरे को कारण कहा गया है।
कथन (A): उदयपुर स्थित विज्ञान केंद्र संपूर्ण दक्षिण राजस्थान के जिलों जैसे राजसमंद, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ को अपनी सेवाएँ प्रदान करता है।
कारण (R): उदयपुर विज्ञान केंद्र की स्थापना वर्ष 1994 में की गई थी, जबकि कोटा विज्ञान केंद्र की स्थापना वर्ष 1991 में की गई थी।
(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A की सही व्याख्या करता है।
(b) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) A सही है, लेकिन R गलत है।
(d) A गलत है, लेकिन R सही है। (e) अनुत्तरित प्रश्न

116. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (Assertion - A) और दूसरे को कारण (Reason - R) कहा गया है।
कथन (A): प्राचीन भारतीय चिकित्सक सुश्रुत को विश्व स्तर पर "प्लास्टिक सर्जरी का जनक" तथा "शल्य चिकित्सा का जनक" कहा जाता है।
कारण (R): सुश्रुत द्वारा रचित ऐतिहासिक ग्रंथ 'सुश्रुत संहिता' में लगभग 300 शल्य क्रियाओं (Surgeries) तथा 120 से अधिक शल्य उपकरणों का विस्तृत वैज्ञानिक वर्णन मिलता है।
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है। (e) अनुत्तरित प्रश्न

117. वायुमंडल के संघटन के संबंध में, निम्न में से कौन-सा सत्य है?
(a) नाइट्रोजन -78% (b) कार्बन डाईऑक्साइड - 0.53%
(c) हाइड्रोजन 0.45(d) ओजोन -0.08%
(e) ऑक्सीजन - 21%
(a) b और d (b) a और e
(c) c और c (d) a ओर b
(e) अनुत्तरित प्रश्न

118. नीचे दिए गए प्रश्न में एक अभिकथन (Assertion - A) और एक कारण (Reason - R) दिया गया है।
अभिकथन (A): MOEMS का पूर्ण रूप 'माइक्रो-ऑप्टो-इलेक्ट्रो-मेकेनिकल-सिस्टम्स' है.
कारण (R): यह तकनीक माइक्रो-स्केल पर प्रकाश को नियंत्रित करने के लिए यांत्रिक, प्रकाशकीय और विद्युत प्रणालियों को एक साथ जोड़ती है
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है। (e) अनुत्तरित प्रश्न


119. सही मिलान कीजिए।

Column I (स्थिति)	Column II (लाभ/हानि)
A. वस्तु 100 रु. में खरीदी और 20% लाभ पर बेची	1. 120 रु.
B. वस्तु 50 रु. में खरीदी और 10% हानि पर बेची	2. 45 रु.
C. वस्तु 200 रु. में खरीदी और 25% लाभ पर बेची	3. 250 रु.
D. वस्तु 80 रु. में खरीदी और 15% हानि पर बेची	4. 68 रु.

(a) A-1, B-2, C-3, D-4 (b) A-3, B-1, C-2, D-4
(c) A-1, B-4, C-3, D-2 (d) A-2, B-1, C-3, D-4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

120. कथन: यदि A और B किसी व्यापार में क्रमशः ₹4,000 और ₹6,000 का निवेश समान समय के लिए करते हैं, तो लाभ का अनुपात 2 : 3 होगा।
कारण: साझेदारी में लाभ का अनुपात = निवेश × समय के अनुपात के बराबर होता है।
(a) कथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण कथन का सही स्पष्टीकरण है।
(b) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण कथन का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) कथन सही है, कारण गलत है।
(d) कथन गलत है, कारण सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

121. दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए-



(a) 165 (b) 164
(c) 177 (d) 169
(e) अनुत्तरित प्रश्न

निर्देश-(122-123) निम्नलिखित आकृति में एक वृत्तारेख है। इसमें एक उत्पाद के निर्माण में होने वाले मदवार खर्च दर्शाए गए हैं। आरेख का अध्ययन कर प्रश्नों का उत्तर दीजिए-



122. यदि कुल निर्माण लागत 97,800 रुपये हैं। तदनुसार श्रम की लागत कितनी है?
(a) 30720 रुपये (b) 31296 रुपये
(c) 31276 रुपये (d) 32856 रुपये
(e) अनुत्तरित प्रश्न

123. यदि कुल निर्माण लागत 97,800 रुपये हैं। सामग्री की लागत तथा प्रत्यक्ष खर्च का अंतर कितना है?
(a) 26880 रुपये (b) 27384 रुपये
(c) 3912 रुपये (d) 23472 रुपये
(e) अनुत्तरित प्रश्न

124. 1550 रुपये की धनराशि का कुछ भाग 5% तथा शेष 8% की साधारण ब्याज दर से दिया। 3 वर्ष बाद उसे 300 रुपये ब्याज के रूप में प्राप्त होते हैं। 5% तथा 8% पर दी गई राशि का अनुपात बताइए-
(a) 18 : 17 (b) 13 : 11
(c) 15 : 13 (d) 16 : 15
(e) अनुत्तरित प्रश्न

125. एक स्कूल में 25% छात्र 10 वर्ष से कम आयु के हैं। 10 वर्ष से अधिक आयु के छात्रों की संख्या, 10 वर्ष की आयु के छात्रों की संख्या का $\frac{3}{4}$ है, जिसकी संख्या 96 है, तो स्कूल में छात्रों की कुल संख्या कितनी है?
(a) 670 (b) 665
(c) 672 (d) 669
(e) अनुत्तरित प्रश्न


126. वह राशि ज्ञात कीजिए जो एक दिन में 3 रुपये का सरल ब्याज देती हो जबकि वार्षिक दर 4% हो-
(a) 28,290 रुपये (b) 27,375 रुपये
(c) 27,149 रुपये (d) 26,135 रुपये
(e) अनुत्तरित प्रश्न

127. निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या किसी घटना की प्रायिकता नहीं हो सकती?
(a) 2/3 (b) -1.5
(c) 15% (d) 0.7
(e) अनुत्तरित प्रश्न

128. एक लंब वृत्तीय बेलन का आयतन (घन सेमी. में) क्या होगा, यदि उसकी त्रिज्या 2.5 सेमी. तथा ऊँचाई 2 सेमी. है?
(a) 275 cm^3 (b) $\frac{200}{7} cm^3$
(c) $\frac{275}{2} cm^3$ (d) $\frac{275}{7} cm^3$
(e) अनुत्तरित प्रश्न

129. दो त्रिभुजों के आधारों का अनुपात 4 : 5 है और उनके क्षेत्रफलों का अनुपात 8 : 15 है। इनकी संगत ऊँचाइयों का अनुपात कितना होगा?
(a) 2 : 3 (b) 1: 2
(c) 3 : 2 (d) 1 : 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

130. नीचे दी गई आकृति में कितने त्रिभुज (triangle) हैं?



(a) 11 (b) 14
(c) 18 (d) 16
(e) अनुत्तरित प्रश्न

131. नीचे दी गई अक्षर शृंखला के खाली स्थानों में क्रम से रखने पर कौन-सा अक्षर समूह आएगा?
m n o n o p q o p q r s_ _ _ _ _ _
(a) mnopq (b) oqrst
(c) pqrstu (d) qrstuv
(e) अनुत्तरित प्रश्न

132. अंग्रेजी वर्णमाला में बायीं ओर से 16 वें अक्षर के बायीं ओर तीसरे के दायीं 11वाँ अक्षर कौन-सा होगा?
(a) Y (b) M
(c) N (d) X
(e) अनुत्तरित प्रश्न

133. यदि CONSTITUTION को किसी सांकेतिक भाषा में DNORUHUTUHPM लिखा जाता है, तो उसी सांकेतिक भाषा में DISTRIBUTION को कैसे लिखा जाएगा?
(a) EHTSTHCTUPHM (b) EHTSSHCTUHPM
(c) BHTSSHCTUHPM (d) EHTSSHCTUJNM
(e) अनुत्तरित प्रश्न

134. दिए गए कथन पर विचार करें और निर्णय लें कि दी गई धारणाओं में से कौन-सी धारणा/धारणाएँ कथन में निहित है/हैं?
कथन: राधिका में इतनी समझ है कि वह XYZ उत्पाद का बहिष्कार कर देगी।
धारणाएँ: (i) XYZ उत्पाद लोकप्रिय नहीं है।

(ii) XYZ उत्पाद का बहिष्कार करना बुद्धिमानी की निशानी है।
(a) केवल धारणा (i) निहित है।
(b) केवल धारणा (ii) निहित है।
(c) (i) और (ii) दोनों धारणाएँ निहित हैं।
(d) न तो धारणा (i) और न ही धारणा (ii) निहित है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

135. यदि आशीष बिन्दु P से दक्षिण में चलकर 8 किमी. दूर बिन्दु Q पर पहुँचता है और वहाँ से पश्चिम दिशा में 6 किमी. चलकर R बिन्दु पर पहुँचता है, तो बिन्दु P से R के मध्य दूरी क्या होगी?
(a) 6 किमी. (b) 8 किमी.
(c) 10 किमी. (d) 14 किमी.
(e) अनुत्तरित प्रश्न


136. दिए गए कथन के आधार पर निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष तर्कसंगत रूप से निकलता है?
कथन: यदि वह बुद्धिमान है, तो वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाएगा।
निष्कर्ष : I. परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए उसे बुद्धिमान होना चाहिए।
II. वह परीक्षा उत्तीर्ण कर लेगा।
(a) यदि केवल निष्कर्ष I निकलता है।
(b) यदि केवल निष्कर्ष II निकलता है।
(c) यदि निष्कर्ष I और II दोनों निकलते हैं।
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II निकलता है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

137. यहाँ तीन कथन दिए गए हैं, जिनके साथ चार निष्कर्ष हैं। वह निष्कर्ष चुने जो दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन:
(A) कुछ कप पिन्स हैं। (B) कुछ पिंस कवर्स हैं।
(C) सभी कवर्स कलम हैं।
निष्कर्ष:
(1) कुछ कलम पिंस हैं। (2) कुछ कवर्स कप हैं।
(3) कोई भी कप पिन नहीं है। (4) कुछ पिंस कप हैं।
कूट-
(a) केवल (1) और (2) (b) केवल (2) और (4)
(c) केवल (2) और (3) (d) केवल (1) और (4)
(e) अनुत्तरित प्रश्न


138. एक आदमी का परिचय देते हुए, शमिता ने कहा, ''वह मेरी माँ की माँ का एकमात्र पुत्र है।'' शमिता उस आदमी से किस तरह से सम्बंधित है?
(a) माँ (b) चाची (Aunt)
(c) बहिन (d) भतीजी/भांजी (Niece)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

139. शृंखला में अनुपस्थित पद (?) ज्ञात करें-
AB, CE, FI, ?, OT
(a) JM (b) GK
(c) HO (d) JN
(e) अनुत्तरित प्रश्न

140. कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति को पूरा करेगी?
प्रश्न आकृति



उत्तर आकृतियाँ



(a) B (b) C
(c) A (d) D
(e) अनुत्तरित प्रश्न

141. राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए—
1. इसका आयोजन 1 से 31 जनवरी 2026 तक किया गया।
2. इसका आयोजन परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा किया गया।
3. इसकी थीम "सीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तन" थी।
4. इसका उद्देश्य केवल राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाएँ कम करना था।
5. यह एक माह तक चलने वाला जन-जागरूकता अभियान था।
6. इसमें सड़क सुरक्षा के लिए तकनीकी नवाचारों पर भी बल दिया गया।
(a) केवल 1, 2, 3 और 4 (b) केवल 1, 2, 3, 5 और 6
(c) केवल 2, 4, 5 और 6 (d) सभी कथन सही हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

142. 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए—
1. इसका आयोजन वाराणसी में हुआ।
2. यह 4 से 11 जनवरी 2026 तक आयोजित हुआ।
3. उद्घाटन संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ।
4. इसमें 28 राज्यों की टीमें शामिल हुईं।
5. कुल 58 टीमों ने भाग लिया।
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1, 2, 4 और 5
(c) सभी कथन सही हैं (d) केवल 2, 3 और 5
(e) अनुत्तरित प्रश्न

143. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—
1. AU जयपुर मैराथन का शुभारम्भ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया।
2. फुल मैराथन पुरुष वर्ग के विजेता निलेश आर्सेकर रहे।
3. हाफ मैराथन महिला वर्ग की विजेता आरती राव रहीं।
उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 1 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

144. कथन (A): भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) ने देशभर के 83,000 विद्यालयों के छात्रों के लिए एक करोड़ से अधिक अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (MBU) पूर्ण करने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।
कारण (R): UIDAI ने सितंबर 2025 में स्कूली छात्रों के लिए विशेष MBU अभियान प्रारम्भ किया था, जिसे UDISE+ एप्लिकेशन के साथ तकनीकी एकीकरण के माध्यम से संचालित किया गया।
(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, किन्तु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

145. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए—

सूची-I	सूची-II
A. अवनि लेखरा	1. अल्ट्रा मैराथन
B. राम रतन जाट	2. पैरा शूटिंग
C. मेजर राजेन्द्र सिंह शेखावत	3. सेना मेडल (वीरता)
D. राजपाल सिंह भाटी	4. बेस्ट ट्रैफिक पुलिस अवॉर्ड

कूट :
(a) A-1, B-2, C-3, D-4 (b) A-2, B-1, C-4, D-3
(c) A-2, B-1, C-3, D-4 (d) A-4, B-3, C-2, D-1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

146. कथन (A): राजस्थान कृषि उपज मंडी प्रांगण भूमि अर्जन नीति-2026 का उद्देश्य मंडियों में आधारभूत संरचना को मजबूत करना है।
कारण (R): नीति के अनुसार भूमि अवाप्ति के कुछ मामलों में भू-धारकों को विकसित भूमि का एक निर्धारित प्रतिशत आवंटित किया जाएगा।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए—
(a) A और R दोनों गलत हैं।
(b) A सही है, R गलत है।
(c) A गलत है, R सही है।
(d) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

147. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—
1.प्रोजेक्ट कराकल का शुभारंभ 15 अप्रैल 2026 को रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला के दौरान किया गया।
2. कराकल एक दुर्लभ जंगली बिल्ली है, जिसे सियाहगोश भी कहा जाता है।
3. प्रोजेक्ट कराकल की प्रधान अन्वेषक डॉ. शोमिता मुखर्जी हैं।
4. वर्तमान में प्रदेश के 22 जिलों में कृषि उपभोक्ताओं को दिन में विद्युत आपूर्ति की जा रही है तथा दौसा और करौली जिलों को भी इसमें शामिल करने की घोषणा की गई है।
5. राज्य सरकार ने खेलो राजस्थान यूथ गेम्स के आयोजन हेतु 50 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं तथा स्कूल खेल प्रतियोगिताओं की प्रोत्साहन राशि 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी है।
6. राज्य सरकार ने 8,390 आंगनबाड़ी केन्द्रों को 'नंद घर' के रूप में विकसित किया है।
उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं?
(a) केवल 1, 2, 3 और 4 (b) केवल 1, 2, 3, 4 और 5
(c) केवल 2, 3, 4, 5 और 6 (d) सभी कथन सही हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

148. पीएम-कुसुम योजना के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए—
1. राजस्थान में 4000 मेगावाट क्षमता के 1808 संयंत्र स्थापित हो चुके हैं।
2. मार्च 2026 में 543 मेगावाट क्षमता के संयंत्र स्थापित हुए।
3. कंपोनेंट-A में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।
4. कंपोनेंट-C में राजस्थान देश में द्वितीय स्थान पर है।
5. राजस्थान डिस्कॉम्स का लक्ष्य अक्टूबर 2026 तक 6700 मेगावाट क्षमता प्राप्त करना है।
सही कथनों का चयन कीजिए—
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3, 4 और 5
(c) केवल 1, 2, 3 और 5 (d) केवल 1, 4 और 5
(e) अनुत्तरित प्रश्न

149. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए—

सूची-I	सूची-II
A. विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2026	1. IOM
B. वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट 2026	2. QS
C. QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026	3. रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स
D. THE वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026	4. टाइम्स हायर एजुकेशन

कूट:
(a) A-1, B-2, C-3, D-4 (b) A-3, B-1, C-2, D-4
(c) A-2, B-3, C-4, D-1 (d) A-4, B-2, C-1, D-3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

150. कथन (A): गुजरात के चोरायासी टोल प्लाजा पर भारत का पहला मल्टी-लेन फ्री फ्लो बैरियर-रहित टोलिंग सिस्टम लागू किया जाएगा।
कारण (R): यह प्रणाली ANPR एवं FASTag तकनीक का उपयोग कर वाहनों को बिना रुके टोल भुगतान की सुविधा देती है।
कूट:
(a) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(b) A सही है, R गलत है।
(c) A गलत है, R सही है।
(d) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

♦♦♦♦

1. [a]

व्याख्या:-

- बागोर से पशुपालन, लघु पाषाण उपकरण, ताँबे की सुई आदि प्राप्त हुए हैं। पक्की ईंटों के विशाल दुर्ग का साक्ष्य नहीं मिला है।

2. [a]

व्याख्या:-

- कीर्ति स्तम्भ प्रशस्ति विजय स्तम्भ पर, रणकपुर प्रशस्ति में नाणक मुद्रा, आहड़ अभिलेख में रघुवंश तिलक तथा अजमेर अभिलेख राजस्थान का प्रथम फारसी अभिलेख है।

3. [d]

व्याख्या:-

- 750-1000 ईस्वी के दौरान, राजस्थान और अधिकांश उत्तरी भारत पर **प्रतिहार वंश** ने शासन किया था। आठवीं से दसवीं शताब्दी तक राजस्थान में प्रतिहार राजवंश का वर्चस्व रहा था।
- राजस्थान के दक्षिण–पश्चिम में स्थित **गुर्जरत्रा क्षेत्र** में प्रतिहार वंश का शासन रहा था।
- प्रतिहार स्वयं को **लक्ष्मण (सौमित्र) के वंशज तथा रघुवंशी क्षत्रिय** मानते हैं। **डॉ. आर सी. मजूमदार** के अनुसार गुर्जर–प्रतिहारों ने छठी से बारहवीं शताब्दी तक अरब आक्रमणकारियों के लिए बाधक का कार्य किया।
- **चंदेल वंश के शिलालेख** में गुर्जर–प्रतिहार शब्द का उल्लेख मिलता है।
- अरब यात्रियों ने प्रतिहारों को **'जुर्ज'** कहा है।
- चीनी यात्री ह्वेनसांग ने इन्हें **'कू-चे-लो'** कहा है।
- घटियाला शिलालेख (861 ई.) व बाउक प्रशस्ति (837 ई.) में प्रतिहारों को 'ब्राह्मण' कहा गया है।

4. [d]

व्याख्या:-

1.	चरणौता	चरागाह या गौचर भूमि।
2.	बीड़	नदी-नाले के समीप वाली भूमि।
3.	डीमडू	कुएँ के पास की भूमि।
4.	गोरमो	गाँव के पास वाली भूमि।
5.	माल	काली उपजाऊ भूमि।
6.	पीवल	सिंचित भूमि।
7.	बारानी	असिंचित भूमि।
8.	बंजर	अनुपजाऊ भूमि
9.	चाही भूमि	कुओं, नहरों, नदियों तथा तालाबों से सिंचित भूमि।

5. [c]

व्याख्या:-

- नसीराबाद में विद्रोह – 28 मई 1857 ई.
- नीमच में विद्रोह – 03 जून 1857 ई.
- एरिनपुरा में विद्रोह – 21 अगस्त 1857 ई.
- आउवा में विद्रोह – सितम्बर 1857 ई. से जनवरी 1858 ई तक

6. [d]

व्याख्या:-

- 'मजहरुल सरूर' राजपूताना का प्रथम समाचार-पत्र था।
- 1849 ई. में **भरतपुर** से इस समाचार पत्र का प्रकाशन प्रारंभ हुआ।
- राजस्थान में पत्रकारिता की शरूआत भरतपुर क्षेत्र से हुई थी।
- राजस्थान में स्वतन्त्रता आन्दोलन के समय अजमेर शहर पत्रकारिता का प्रमुख केन्द्र था।

7. [d]

व्याख्या:-

- शुरुआत में प्रजामंडल राजाओं को गद्दी से हटाने या पूर्ण स्वतंत्रता के खिलाफ नहीं थे। उनका संघर्ष राजा के अधीन रहते हुए 'उत्तरदायी शासन' और जनता को अधिकार दिलाने के लिए था। वे राजा को अपना संरक्षक मानते थे, न कि दुश्मन।

8. [b]

व्याख्या:-

- राव कृष्ण सिंह ने 1903 ई. में लड़कियों के विवाह पर पाँच रूपये चंवरी कर लगाया था। **पृथ्वीसिंह** ने 1906 ई. में बिजौलिया के किसानों पर **'तलवार बंधाई कर'** नाम से नई लागत लगाई थी।

9. [d]

व्याख्या:-

- एकी आंदोलन का उद्देश्य सैन्य प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि भारी लगान, बेगार और सामंती अत्याचारों के विरुद्ध आदिवासियों को 'एकी' (एकता) के सूत्र में बाँधना था। इनका नारा था – "हाकिम और हुकुम नहीं"
- ठक्कर बापा ने बलवंत सिंह मेहता के साथ मिलकर फरवरी, 1942 को ऋषभदेव में भील आश्रम की नींव रखी थी ताकि बच्चों को आवासीय शिक्षा मिल सके।

10. [b]

व्याख्या:-

- मत्स्य संघ का विधिवत उद्घाटन 18 मार्च, 1948 को नरहरि विष्णु गाडगिल द्वारा भरतपुर के लोहागढ़ दुर्ग में किया गया था।
- मत्स्य संघ की राजधानी अलवर को बनाया गया था, न कि धौलपुर को। हालांकि, धौलपुर के शासक उदयभान सिंह को राजप्रमुख बनाया गया था।

11. [a]

व्याख्या:-

पारिख दुर्ग- वह दुर्ग जिसके चारों तरफ गहरी खाई हो।
जैसे- लोहागढ़ (भरतपुर), जूनागढ़ (बीकानेर)

12. [d]

व्याख्या:-

- किशनगढ़ **चित्रशैली प्रमुख चित्रकार** निहालचन्द थे।
- बीकानेर – अली रजा
- मेवाड़ – साहिबदीन
- मारवाड़ - शिवदास

13. [d]

व्याख्या:-

- **मुख्य केन्द्र -** शाहपुरा
- **उद्गम -** मेवाड़ चित्रशैली के भित्ति चित्रण से माना जाता है।
- फड़ चित्रण कपड़े पर किया जाता है ।
- **शाहपुरा का जोशी परिवार** फड़ चित्रण हेतु सम्पूर्ण देश में प्रसिद्ध है।

श्रीलाल जोशी

- 'फड़' चित्रकला को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है।
- **वर्ष 2006 में पद्मश्री** से सम्मानित किया गया है।

14. [c]

व्याख्या:-

बोली	क्षेत्र (जिला/स्थान)	विवरण
बागड़ी	हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर	राजस्थान के उत्तरी भाग में बोली जाने वाली भाषा
जगरोती	करौली	करौली क्षेत्र की एक विशिष्ट स्थानीय बोली
धावड़ी	उदयपुर	मेवाड़ी की एक उपबोली, मुख्यतः उदयपुर जिले में प्रचलित
गोडवाड़ी	सिरोही	मारवाड़ी की एक उपबोली

15. [d]

व्याख्या:-

पशु मेला	स्थान	समय(अवधि)	मुख्य दिन
चन्द्रभागा पशु मेला	झालरापाटन (झालावाड़)	कार्तिक शुक्ल एकादशी से मार्गशीर्ष कृष्ण पंचमी (नवंबर)	कार्तिक पूर्णिमा
श्री मल्लीनाथ पशु मेला	तिलवाड़ा	चैत्र कृष्ण एकादशी से चैत्र शुक्ल एकादशी (अप्रैल)	—
महाशिवरात्रि पशु मेला	करौली	फाल्गुन कृष्ण त्रयोदशी से (मार्च)	महाशिवरात्रि
गोगामेड़ी पशु मेला	हनुमानगढ़	श्रावण पूर्णिमा से भाद्रपद पूर्णिमा तक	—

16. [a]

व्याख्या:-

- घुड़ला – मारवाड़
- मूमल – जैसलमेर
- बिछुड़ो – हाड़ौती
- हिचकी – मेवात

17. [b]

व्याख्या:-

- बम नृत्य मुख्य रूप से भरतपुर और अलवर (मेवात क्षेत्र) का प्रसिद्ध है। करौली का प्रसिद्ध नृत्य 'लांगुरिया' है जो कैला देवी की आराधना में किया जाता है।

18. [d]

व्याख्या:-

- नाता प्रथा आदिवासियों में प्रचलित पुनर्विवाह का एक प्रकार है, जिसमें स्त्री अपने पति को छोड़कर किसी अन्य पुरुष के साथ रहने लगती है। भील जनजाति में 'छेड़ा-फाड़ना' परंपरा का संबंध तलाक (विवाह विच्छेद) से है।
- अट्टा-सट्टा प्रथा का तात्पर्य उस विवाह से है जिसमें लड़की के बदले में उसी घर की लड़की को बहू के रूप में लिया जाता है।

19. [b]

व्याख्या:-

- राज्य में पगड़ियों का संग्रहालय - बागौर की हवेली (उदयपुर)
- इस संग्रहालय में विश्व की सबसे बड़ी पगड़ी सुरक्षित है।
- मेवाड़ की पगड़ी और मारवाड़ का साफा प्रसिद्ध हैं।
- मेवाड़ की उदयशाही पगड़ी तथा जोधपुरी साफा कशीदाकारी के लिए प्रसिद्ध हैं।
- **पाग -** पाग, उस पगड़ी को कहते हैं, जो लम्बाई में सर्वाधिक होती है।
- **पेचा -** जरीदार पगड़ी को पेचा कहा जाता है। पेचा में केवल एक ही रंग होता है यदि बहुरंग हो तो उसे मदील कहा जाता है।

20. [d]

व्याख्या:-

- **पाबूजी के छन्द-** जिसके रचयिता **मेहा चारण** थे।
- **पाबू प्रकाश -** पाबूजी की जीवनी है, जिसके रचयिता आशिया मोडजी थे।
- **पाबूजी रा दूहा** - लघराज
- **पाबूजी रा रूपक -** मोतीसर बगतावर
- **पाबूजी री वात** - लक्ष्मी कुमारी चुण्डावत
- **पाबूजी के पवाड़े या पावड़े -** प्रसिद्ध गाथा गीत है, जो माठ वाद्य यंत्र के साथ गाए जाते हैं।
- **पाबूजी की फड़ -** नायक या थोरी जाति के भोपों द्वारा रावण हत्था वाद्ययंत्र के साथ बाँची जाती है।
- **मेला -** कोलुमण्ड गाँव (फलोदी) में मेला भरता है।
- **पाबूजी की घोड़ी -** केसर कालमी (यह काले रंग की घोड़ी उन्हें देवल चारणी ने दी।)

21. [d]

व्याख्या:-

- सिंधु लिपि के न पढ़े जाने के मुख्य कारण उसकी अज्ञात भाषा, औसतन बेहद छोटे अभिलेख (सिर्फ 4-5 संकेत) तथा मिस्र की तरह किसी 'द्विभाषी लेख' (Bilingual text) का न मिलना है, जिससे तुलना की जा सके।

22. [c]

व्याख्या:-

वेद	संबंधित ब्राह्मण ग्रंथ
ऋग्वेद	कौशीतकी ब्राह्मण
यजुर्वेद	तैत्तिरीय ब्राह्मण
सामवेद	पंचविंश ब्राह्मण
अथर्ववेद	गोपथ ब्राह्मण

23. [a]

व्याख्या:-

- बुद्ध का दर्शन जनकल्याण, दुख निवारण और लोकहित पर आधारित था। "बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय" का उद्देश्य समाज के व्यापक वर्ग का कल्याण था।

24. [d]

व्याख्या:-

- अशोक स्तंभ सामान्यतः चिकने बलुआ पत्थर से बने होते हैं, उनमें "धारियाँ" जैसी कोई विशिष्ट संरचना नहीं होती।
- इन स्तंभों पर अत्यंत उच्च स्तर की पॉलिश की गई थी, जिससे वे चमकदार दिखाई देते हैं।
- सभी स्तंभों पर शिलालेख नहीं मिलते; कुछ स्तंभ बिना अभिलेख के भी हैं।
- ये स्तंभ एक ही पत्थर से बनाए गए हैं, यानी एकाश्मक (एक ही शिला से निर्मित) हैं।

25. [c]

व्याख्या:-

- प्रयाग प्रशस्ति प्रमुख अभिलेख है, हूण आक्रमण स्कंदगुप्त काल में हुआ तथा देवगढ़ का दशावतार मंदिर मध्य प्रदेश में स्थित है। आटविक पदाधिकारी संबंधी कथन सही नहीं है।

26. [a]

व्याख्या:-

संत/भक्त	भक्ति परंपरा	विशेषता
कबीर	निर्गुण भक्ति	निराकार ईश्वर की उपासना, जाति-भेद का विरोध
मीराबाई	कृष्ण भक्ति	श्रीकृष्ण को अपना आराध्य मानकर भक्ति गीतों की रचना
तुलसीदास	राम भक्ति	श्रीराम की भक्ति, रामचरितमानस की रचना
चैतन्य महाप्रभु	वैष्णव भक्ति	संकीर्तन आंदोलन के माध्यम से भक्ति का प्रसार

27. [b]

व्याख्या:-

- बाबर ने काबुली बाग मस्जिद और सम्भल की जामा मस्जिद बनवाई। पंचमहल अकबरकालीन है, जबकि हिसार की जामा मस्जिद बाबर द्वारा निर्मित नहीं थी।

28. [a]

व्याख्या:-

- हुजूर-दफ्तर पेशवा शासन का केंद्रीय सचिवालय था, जहाँ प्रशासनिक और वित्तीय कार्य संचालित होते थे। मोकासा शब्द भूमि अनुदान या राजस्व व्यवस्था से संबंधित था, सचिवालय से नहीं।

29. [b]

व्याख्या:-

- बहादुरशाह जफर प्रतीकात्मक सम्राट बने, पर सभी भारतीय शासकों ने समर्थन नहीं दिया। कई रियासतें अंग्रेजों के साथ रहीं।

30. [d]

व्याख्या:-

- नरम दल प्रारंभिक कांग्रेस से जुड़ा था, गांधीवादी चरण 1919–42 और उग्रवादी चरण 1905–17 के बीच प्रमुख रहा।

31. [a]

व्याख्या:-

- ब्रह्म समाज ने तर्कवाद, एकेश्वरवाद और धार्मिक एकता पर बल दिया। यह मूर्तिपूजा एवं कर्मकांडों का विरोधी था तथा आधुनिक सुधार आंदोलनों का अग्रदूत बना।

32. [a]

व्याख्या:-

भूमध्य रेखा अफ्रीका को लगभग दो भागों में विभाजित करती है। कर्क और मकर दोनों रेखाएँ अफ्रीका से गुजरती हैं। ग्रीनविच रेखा अफ्रीका के पश्चिमी भाग से गुजरती है। अफ्रीका केवल उत्तरी गोलार्द्ध में नहीं है, बल्कि चारों गोलार्द्धों में स्थित है।

33. [b]

व्याख्या:-

- पृथ्वी का कुल क्षेत्रफल 510 मिलियन वर्ग किमी है, जिसमें से 71% (361 मिलियन वर्ग किमी) जल है और केवल 29% (149 मिलियन वर्ग किमी) स्थल है।
- कथन 3 असंगत है क्योंकि स्थलमंडल का क्षेत्रफल (29%) महासागरों के क्षेत्रफल (71%) से काफी कम है। इसी विशाल जल राशि के कारण पृथ्वी को "नीला ग्रह" (Blue Planet) कहा जाता है।

34. [a]

व्याख्या:-

- A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

35. [c]

व्याख्या:-

- अलास्का प्रदेश की प्रुधो खाड़ी खनिज तेल (Petroleum) और प्राकृतिक गैस उत्पादन के लिए जानी जाती है।
- उत्तरी अप्लेशियन प्रदेश को "स्टील का कटोरा" नहीं, बल्कि "जंग का कटोरा" (Rust Bowl) कहा जाता है।

36. [a]

व्याख्या:

- वृहद् – 6000m
- शिवालिक – बाहरी
- मध्य – हिमाचल
- ट्रांस – तिब्बत क्षेत्र

37. [d]

व्याख्या:-

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, कृषि विस्तार मिशन, राष्ट्रीय बागवानी मिशन उत्पादकता बढ़ाते हैं जबकि पीएम-किसान किसानों को आय सहायता देता है। सभी योजनाएँ कृषि सुधार और आय वृद्धि में योगदान करती हैं।

38. [b]

व्याख्या:

- बरौनी, कोयली और हल्दिया का संबंध तेल शोधन गतिविधियों से है
- ये विभिन्न राज्यों में स्थित प्रमुख रिफाइनरी केंद्र हैं
- टिहरी का संबंध ऊर्जा उत्पादन के जलविद्युत स्रोत से जुड़ा है
- विभिन्न ऊर्जा संसाधनों के आधार पर इनकी श्रेणियाँ अलग होती हैं

39. [a]

व्याख्या:-

- इस्पात उद्योग औद्योगिक विकास का आधार है और इसका उपयोग निर्माण, ऑटोमोबाइल और अवसंरचना में होता है। भारत विश्व के प्रमुख इस्पात उत्पादकों में शामिल है, इसलिए कथन 3 गलत है।

40. [a]

व्याख्या:–

- कथन 3 गलत है क्योंकि कर्क रेखा राजस्थान के **दक्षिणी भाग** से गुजरती है। कर्क रेखा का विस्तार बासवाड़ा और डूंगरपुर मे है।

41. [b]

व्याख्या:–

राजस्थान को चार प्रमुख भौतिक विभागों में बाँटा जाता है—

1. पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश **2.** अरावली पर्वतीय प्रदेश
3. पूर्वी मैदानी प्रदेश **4.** दक्षिण-पूर्वी पठारी प्रदेश

साथ ही अरावली पर्वतमाला भारत की प्राचीनतम पर्वतमालाओं में से एक है और राजस्थान का प्राचीनतम भौगोलिक अंचल है।

- कारण (R) भी सही है –राजस्थान का लगभग 61% भू-भाग मरुस्थल से आच्छादित है।
- लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता, क्योंकि चार भौतिक विभागों में विभाजन का कारण केवल मरुस्थल का प्रतिशत नहीं है, बल्कि स्थलाकृति (relief), संरचना एवं भौगोलिक विशेषताएँ हैं।

42. [b]

व्याख्या:-

- कथन 1 असंगत है क्योंकि राजस्थान उष्ण कटिबन्ध में स्थित है, शीत कटिबन्ध में नहीं।

43. [a]

व्याख्या:-

- माही और लूनी - अरब सागर में गिरती हैं।
- चम्बल - गंगा की सहायक नदी है, इसलिए बंगाल की खाड़ी में गिरती है।
- घग्घर - अंतः प्रवाहित नदी है, समुद्र तक नहीं पहुँचती।

44. [a]

व्याख्या:-

- उष्ण कटिबंधीय कंटोरे (काँटेदार) वन शुष्क एवं कम वर्षा (25–75 सेमी) वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं। राजस्थान में बबूल, कीकर आदि इनके प्रमुख वृक्ष हैं।
- उष्ण कटिबंधीय शुष्क पतझड़ वन में सागवान और साल प्रमुख वृक्ष होते हैं। ये मध्यम वर्षा वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं और पतझड़ में पत्ते गिराते हैं।

45. [a]

व्याख्या:-

- कथन 3 गलत है: इससे चार जलवायु प्रदेश (IA, IB, IC और IIA) लाभान्वित होंगे, केवल दो नहीं।

46. [c]

- भारतीय राज्य वन रिपोर्ट (ISFR)-2021 के अनुसार इन जिलों का वन क्षेत्र (वर्ग किमी) इस प्रकार है- वन क्षेत्र के अवरोही क्रम में सही क्रम होगा: अलवर > बारां > बाँसवाड़ा > अजमेर

47. [b]

व्याख्या:-

- केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान भरतपुर में है, यह पक्षियों का स्वर्ग है, जहाँ अनेक पक्षी प्रजनन और प्रवास (साइबेरियन क्रेन सहित) के लिए आते हैं । केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान यूनेष्को सूची में शामिल राजस्थान की एकमात्र प्राकृतिक धरोहर है। (1985)

48. [c]

व्याख्या:-

- सुंधा माता (जालौर): भालू।
- रोटू (नागौर): चिंकारा।
- बीड़-झुंझुनू: खरगोश।
- बीसलपुर (टोंक): कृष्ण मृग।

49. [a]

व्याख्या:-

माही- बजाज सागर परियोजना राजस्थान एवं गुजरात की संयुक्त परियोजना है। 1966 में हुए समझौते के अनुसार राजस्थान का हिस्सा 45 प्रतिशत व गुजरात का हिस्सा 55 प्रतिशत है, लेकिन इससे बनने वाली विद्युत 100% राजस्थान को प्राप्त होती है।

- इस परियोजना में **गुजरात के पंच महल जिले** में माही नदी पर **कड़ाना बांध** का निर्माण किया गया है।
- इसी परियोजना के अंतर्गत **बांसवाड़ा** के **बोरखेड़ा** गांव में **माही बजाज सागर बांध** बना हुआ है।

50. [d]

व्याख्या:-

- नाथरा पोल (नाथरा की पाल, उदयपुर) जस्ता के लिए नहीं, बल्कि लौह अयस्क के लिए प्रसिद्ध है।

51. [c]

व्याख्या:-

- राजस्थान खनिजों की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखता है।
- राज्य में 81 प्रकार के खनिजों का भण्डार इमसें से 57 खनिजों का वर्तमान खनन होता है।

52. [a]

व्याख्या:-

- 1872 ई. → भारत में प्रथम जनगणना (लॉर्ड मेयो)।
- 1881 ई. → पहली व्यवस्थित जनगणना (लॉर्ड रिपन)।
- 2011 जनगणना → भारत की 15वीं जनगणना।
- राजस्थान का स्थान (2011) → भारत में 8वाँ स्थान।

53. [a]

व्याख्या:-

2011 की जनगणना के अनुसार:

- (iii) धौलपुर (841) सहित कई जिलों में शहरी लिंगानुपात 1000 से कम था, लेकिन टोंक (985) जैसे अपवाद थे। गलत।

54. [c]

व्याख्या:-

- राजस्थान के प्रमुख औद्योगिक संस्थानों और उनके स्थानों का सही मिलान निम्नलिखित है:
- (a) हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड: झुंझुनूं (खेतड़ी) - इसकी स्थापना 1967 में हुई थी।
- (b) हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड: उदयपुर (देबारी) - इसका मुख्यालय उदयपुर (1966) में स्थित है।
- (c) महिन्द्रा सेज (SEZ) सिटी: जयपुर - यह कलवाडाजयपुर में अजमेर रोड पर स्थित एक प्रमुख विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र है।
- (d) जापानी औद्योगिक पार्क: नीमराणा (अलवर) - यह औद्योगिक क्षेत्र जापानी निवेश के लिए विशेष रूप से विकसित किया गया है।

55. [c]

व्याख्या:-

- **औद्योगिक विकास नीति 2019 -** लागू – 1 जून 2019
- नीति का उद्देश्य राज्य को निवेश के लिए आकर्षक बनाना है।
- संतुलित क्षेत्रीय औद्योगिक विकास इस नीति का प्रमुख लक्ष्य है।
- यह नीति केवल भारी उद्योगों तक सीमित नहीं है।

56. [d]

व्याख्या:-

- आरक्षित विषय गवर्नर के नियंत्रण में थे जबकि शिक्षा एवं स्वास्थ्य स्थानांतरित विषयों में शामिल थे। कानून एवं व्यवस्था आरक्षित श्रेणी का विषय था।

57. [c]

व्याख्या:-

- भारतीय संविधान ने संसदीय शासन प्रणाली ब्रिटिश मॉडल से अपनाई है। परंतु भारत की राज्यसभा को ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स जैसी न्यायिक शक्तियाँ प्राप्त नहीं हैं।

58. [d]

व्याख्या:-

- बेरुबारी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने प्रस्तावना को संविधान का भाग नहीं माना था। "संविधान निर्माताओं के दिमाग की कुंजी" कथन सज्जन सिंह नहीं, बल्कि नेहरू से संबंधित माना जाता है।

59. [d]

व्याख्या:-

संविधान अनुच्छेद (Article)	विषय (Subject)
अनुच्छेद 14	समानता का अधिकार
अनुच्छेद 16(3)	निवास आधारित प्रावधान
अनुच्छेद 16(4)	आरक्षण
अनुच्छेद 18	उपाधियों का निषेध

60. [b]

व्याख्या:-

- नीति निदेशक तत्व संविधान के भाग-4 (अनुच्छेद 36-51) में हैं और इनका उद्देश्य लोक-कल्याणकारी राज्य बनाना है। अनुच्छेद 37 के अनुसार, ये गैर-प्रवर्तनीय (न्यायालय द्वारा लागू नहीं होने वाले) हैं, इसलिए कथन 2 गलत है।

61. [c]

व्याख्या:-

- मौलिक कर्त्तव्यों का उल्लेख संविधान के भाग-4 क में किया गया है, न कि भाग-4 में। जबकि अनुच्छेद 51A (51-क) में इनका वर्णन किया गया है।

62. [b]

व्याख्या:-

- संविधान संशोधन विधेयक पर दोनों सदनों में गतिरोध होने पर संयुक्त बैठक (Joint Sitting) का कोई प्रावधान नहीं है (कथन 2 गलत है)। 24वें संशोधन (1971) द्वारा राष्ट्रपति के लिए इस पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य बना दिया गया।

63. [c]

व्याख्या:-

- NHRC संविधान तथा अंतर्राष्ट्रीय संधियों से जुड़े अधिकारों की रक्षा करता है। मानवाधिकार केवल संवैधानिक अधिकारों तक सीमित नहीं हैं।

64. [a]

व्याख्या:-

- विभिन्न आयोगों और विशेषज्ञों ने लोकपाल व्यवस्था के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे अंततः 2013 में कानून अस्तित्व में आया।

65. [c]

व्याख्या:-

राजस्थान के अनुसूचित क्षेत्र में राज्यपाल की शक्तियाँ-

- भारतीय संविधान की अनुसूची 5 के अंतर्गत अनुच्छेद 244 (a) के अनुसार, जिन राज्यों में अनुसूचित क्षेत्र मौजूद हैं, वहाँ राष्ट्रपति द्वारा जनजातीय सलाहकार परिषद् का गठन किया जाता है।
- यह परिषद् राज्यपाल की सलाह से गठित होती है।

66. [a]

व्याख्या:-

- BNS में महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध अपराधों के लिए विशेष प्रावधान जोड़े गए हैं। स्टॉकिंग अपराध है तथा झूठे वादों से यौन शोषण को अलग अपराध माना गया।

67. [a]

व्याख्या:-

- नागरिक अधिकार-पत्र सामान्यतः गैर-बाध्यकारी दस्तावेज है, जिसका उद्देश्य सेवा मानक एवं उत्तरदायित्व स्पष्ट करना होता है।

68. [b]

व्याख्या:-

- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 15 के तहत राजस्थान राज्य सूचना आयोग का गठन किया गया, इसलिए यह सांविधिक (legal) निकाय है।
- राज्य सूचना आयोग एक सांविधिक और पूर्णतः स्वायत्तशासी निकाय है, जिसे अपने कार्यों के निष्पादन के लिए किसी अन्य प्राधिकरण से निर्देश लेने की आवश्यकता नहीं होती।

69. [c]

व्याख्या:-

सूची- A	सूची- B
मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम	1993
राज्य मानवाधिकार आयोग का गठन	2000
मानवाधिकार संरक्षण (संशोधन) अधिनियम	2006
राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के बारे में अधिसूचना	1999

70. [b]

व्याख्या:-

- राजस्थान में राज्यपाल लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और विधानसभा में विपक्ष के नेता से परामर्श करता है. लोकायुक्त की नियुक्ति एक चयन समिति की सलाह पर की जाती है, जो प्रत्येक पद के लिए तीन नामों का पैनल राज्यपाल को भेजती है, और राज्यपाल उनमें से एक को नियुक्त करता है.

71. [a]

व्याख्या:-

- अनुच्छेद 243K (पंचायत) और 243ZA (नगरपालिका) में प्रावधान है। गठन राज्यपाल द्वारा होता है, राष्ट्रपति द्वारा नहीं। अतः 1 व 2 सही, 3 असत्य।

72. [a]

व्याख्या:-

- **नियुक्ति:** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 316 के अनुसार, RPSC के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल करता है।
- **हटाना:** हालांकि उन्हें राज्यपाल नियुक्त करते हैं, लेकिन उन्हें पद से हटाने की शक्ति केवल राष्ट्रपति के पास है। वे कदाचार, दिवालियापन या अस्वस्थता के आधार पर, उच्चतम न्यायालय की जांच के बाद राष्ट्रपति द्वारा हटाए जा सकते हैं (अनुच्छेद 317)।

73. [a]

व्याख्या:-

- "जिलाधीश की तुलना एक कछुए से की है जिस की पीठ पर भारत सरकार का हाथी खड़ा है।" - रेम्जे मेक्डोनल्ड
- "जिलाधीश को एक अधिवक्ता, एक लेखाविद्य, एक सर्वेक्षण कर्ता तथा राज्यपत्रों का तैयार लेखक होना चाहिए।" - भारतीय स्टेच्युटरी कमिशन प्रतिवेदन, 1930
- "कहीं दूसरी जगह जिलाधीश के समान न तो कोई अधिकारी हुआ है और न ही होगा।" – के. के. दास
- जिलाधीश, प्रशासन की धुरी - 20 मई, 2005 को दिया गया प्रधानमंत्री का भाषण (अटल बिहारी वाजपेयी)

74. [a]

व्याख्या:-

- 74वें संशोधन (1992) द्वारा नगर निकायों को संवैधानिक दर्जा दिया गया। भाग IX-A तथा 12वीं अनुसूची जोड़ी गई। अनुच्छेद 243P से 243ZG सम्मिलित किए गए। नगरपालिकाओं का कार्यकाल 5 वर्ष है, 6 वर्ष नहीं।

75. [a]

व्याख्या:-

- राजस्थान पंचायती राज (उपबन्धों का अनुसूचित क्षेत्रों में उनके लागू होने के सम्बन्ध में उपान्तरण) नियम, 2011 के अन्तर्गत ग्राम सभा के कुल सदस्यों में से कम से कम 5 प्रतिशत या 25 सदस्यों, इसमें से जो भी अधिक हो, द्वारा सचिव को दी गयी लिखित सूचना के आधार पर ग्राम सभा की विशेष बैठक बुलायी जा सकती है, इसलिए विकल्प (a) सही है।

76. [b]

व्याख्या:-

- राजकोषीय संघवाद केंद्र एवं राज्यों के बीच वित्तीय संसाधनों और दायित्वों के बंटवारे से संबंधित है। ऊर्ध्वाधर असंतुलन केंद्र एवं राज्यों के बीच संसाधन-अंतर को दर्शाता है, जबकि क्षैतिज असंतुलन राज्यों के मध्य असमानता को। संविधान का भाग XII वित्तीय प्रावधानों से संबंधित है। वित्त आयोग अनुच्छेद 280 तथा GST परिषद अनुच्छेद 279A के अंतर्गत स्थापित की गई है। अतः दूसरा कथन गलत है।

77. [b]

व्याख्या:-

- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOC) महारत्न कंपनी है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) नवरत्न श्रेणी में आती है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) मिनीरत्न है। राष्ट्रीय निवेश कोष (NIF) की स्थापना 2005 में विनिवेश से प्राप्त धन के बेहतर उपयोग हेतु की गई थी।

78. [b]

व्याख्या:-

- केवल 1 और 2 सत्य हैं। भारतमाला परियोजना राष्ट्रीय राजमार्गों और आर्थिक गलियारों के विकास से संबंधित है, जबकि बंदरगाह विकास सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत आता है। इसलिए कथन 3 असत्य है।

79. [a]

व्याख्या:-

- विनिर्माण क्षेत्र बड़ी संख्या में रोजगार सृजित करने की क्षमता रखता है। श्रम-गहन उद्योग जैसे वस्त्र, चमड़ा, खाद्य प्रसंस्करण आदि कम पूंजी में अधिक रोजगार प्रदान करते हैं। इसलिए कारण कथन, कथन की सही व्याख्या करता है।

80. [a]

व्याख्या:

- स्वतंत्र भारत का पहला बजट आर. के. शनमुखम चेट्टी ने 26 नवंबर, 1947 को ही पेश किया था।
- वर्ष 2017 में दो बड़े बदलाव किए गए थे–पहला, रेल बजट को केंद्रीय बजट में मिला दिया गया और दूसरा, नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत से पहले इसके कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए बजट पेश करने की तारीख 1 फरवरी कर दी गई।
- भारत के इतिहास में पहला पूरी तरह से पेपरलेस (कागजरहित) बजट वित्तीय वर्ष **2021-22** का था, न कि 2020-21 का।

81. [a]

व्याख्या –

- सामाजिक न्याय समान अवसर और संसाधनों की उपलब्धता से जुड़ा है। अधिकारिता बहुआयामी अवधारणा है तथा आर्थिक विकास से भी इसका गहरा संबंध है।

82. [b]

व्याख्या:-

- मानव विकास सूचकांक (HDI) के तीन प्रमुख मापदंड जीवन प्रत्याशा (स्वास्थ्य), शिक्षा और प्रति व्यक्ति आय (जीवन स्तर) हैं। इसमें 'रोजगार' शामिल नहीं होता है।
- HDI के स्वास्थ्य आयाम को मापने के लिए प्राथमिक संकेतक के रूप में 'जन्म के समय जीवन प्रत्याशा' का ही उपयोग किया जाता है।

83. [a]

व्याख्या:-

- नीतियों का जोर अर्थव्यवस्था में अधिक प्रतिस्पर्धी माहौल बनाने और फर्मों के प्रवेश और विकास की बाधाओं को दूर करने की ओर था है। 1991 के आर्थिक सुधारों (**LPG -** उदारीकरण**,** निजीकरण और वैश्वीकरण) का प्राथमिक उद्देश्य लाइसेंस राज को समाप्त करना**,** सरकारी नियंत्रणों को कम करना और बाजार को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना था।

84. [b]

व्याख्या:-

- भारत के रत्न एवं आभूषण निर्यात का प्रमुख गंतव्य अमेरिका है और हीरा जड़ित आभूषण इसमें महत्वपूर्ण हिस्सा रखते हैं। यह क्षेत्र वैश्विक बाजार से गहराई से जुड़ा हुआ है, इसलिए कथन 3 गलत है।

85. [a]

व्याख्या:-

(i) कर ढाँचे में परिवर्तन करना
(ii) बचतों को प्रोत्साहित करना

86. [a]

व्याख्या:-

- सेवा क्षेत्र सर्वाधिक योगदानकर्ता है। राजस्थान की अर्थव्यवस्था बहु-क्षेत्रीय आधार पर विकसित हो रही है।

87. [b]

व्याख्या:-

- ये कार्यक्रम शिक्षा, कृषि और बाजार पहुंच सुधारने हेतु बजट 2026-27 में प्रस्तावित हैं।

88. [a]

व्याख्या:-

- बजट का फोकस दीर्घकालिक आर्थिक विकास, निवेश और सामाजिक पूंजी निर्माण पर केंद्रित है।

89. [a]

व्याख्या:-

- राजस्थान की कृषि मुख्यतः मानसून आधारित है, इसलिए खरीफ फसलें पूरी तरह सिंचित नहीं हैं।

90. [a]

व्याख्या:-

- RIICO की स्थापना 1980 में हुई तथा पहले यह RIMDC के रूप में कार्यरत था। यह निवेश प्रोत्साहन, भूमि आवंटन व औद्योगिक क्षेत्र विकास करता है, मुख्यालय जयपुर में है।

91. [b]

व्याख्या:-

पार्क / जोन	स्थान
जापानी पार्क	नीमराणा
कोरियन पार्क	घीलोठ
मेडिकल डिवाइस पार्क	बोरानाडा
स्पोर्ट्स-टॉयज़ जोन	खुशखेड़ा

- जापानी पार्क नीमराणा में, कोरियन पार्क घीलोठ में, मेडिकल डिवाइस पार्क बोरानाडा तथा स्पोर्ट्स-टॉयज़ जोन खुशखेड़ा में विकसित किया गया है।

92. [a]

व्याख्या:-

- RIPS 2024 में हरित विकास, निर्यात संवर्द्धन और क्षमता विकास को प्राथमिकता देते हुए त्रिस्तरीय प्रोत्साहन संरचना लागू की गई है।

93. [c]

व्याख्या:-

- आर्थिक समीक्षा 2025-26 एवं बजट 2026-27 के अनुसार राजस्थान ऊर्जा क्षमता, नवीकरणीय ऊर्जा वृद्धि और सौर विस्तार में अग्रणी राज्य बन चुका है।

94. [a]

व्याख्या:-

- सभी स्थान संबंधित विकास परियोजनाओं से जुड़े हैं और क्षेत्रीय विकास के उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

95. [a]

व्याख्या:-

- अमृत 2.0 जल सुरक्षा हेतु जल पुनर्चक्रण, संरक्षण और जल निकाय पुनर्जीवन जैसे उपायों को बढ़ावा देती है।

96. [a]

व्याख्या:-

- ये परियोजनाएँ क्रमशः आजीविका, जल, शहरी सेवाएँ और परिवहन अवसंरचना से जुड़ी हैं।

97. [a]

व्याख्या:-

- कुसुम योजना 2019 में शुरू हुई। घटक-A में 2 MW तक संयंत्र हैं। घटक-B स्वतंत्र पंपों और घटक-C सौरकरण से जुड़ा है।

98. [c]

व्याख्या:-

- जल जीवन मिशन में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

99. [b]

व्याख्या:-

- अभियान हिंदी, अंग्रेजी और गणित तीनों विषयों का आकलन करता है और 40 लाख छात्रों को लक्षित करता है।

100. [a]

व्याख्या:-

- सभी योजनाएं महिला SHG आधारित क्षमता निर्माण और रोजगार उन्मुख हैं।

101. [b]

व्याख्या:–

- कथन 2 सही : डॉ. विक्रम साराभाई को अंतरिक्ष विज्ञान में योगदान के लिए 1966 में पद्म भूषण और 1972 में मरणोपरांत पद्म विभूषण प्रदान किया गया था।

102. [d]

व्याख्या:-

(a) लैंस की क्षमता → डायोप्टर
(b) तार का प्रतिरोध → वोल्ट प्रति एम्पियर
(c) विद्युत शक्ति → वोल्ट एम्पियर
(d) विद्युत ऊर्जा → किलोवाट-घंटा

103. [b]

व्याख्या:–

- IT Rules, 2021 में ट्रेसेबिलिटी प्रावधान यह सुनिश्चित करता है कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म किसी वायरल या अवैध सामग्री के प्रथम प्रकाशितकर्ता की पहचान सरकार या प्राधिकृत संस्था को प्रदान करे।

104. [a]

व्याख्या:–

- कथन (A) सही तथा कारण (R) भी सही है।

105. [d]

व्याख्या :–

- अभिकथन (A): गलत बालिका (XX) में एक X गुणसूत्र माता से और दूसरा X गुणसूत्र पिता से प्राप्त होता है।
- कारण (R): गलत हालाँकि स्त्री का जीनोटाइप XX होता है, लेकिन दोनों X गुणसूत्र केवल माता से नहीं आते — एक X माता से और एक X पिता से आता है।

106. [a]

व्याख्या:-

- (a)भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का GSLV सूर्य-तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा (SSO) के लिए नहीं, बल्कि भू-तुल्यकालिक कक्षा (GTO) के लिए उपयोग होता है।

107. [d]

व्याख्या:-

- Defence Research and Development Organisation (DRDO) ने उद्योग और अकादमिक संस्थानों के साथ मिलकर उन्नत रक्षा तकनीकों के लिए उत्कृष्टता केंद्र (CoEs) स्थापित किए हैं।
- 1 दिसंबर 2025 तक ऐसे कुल 15 CoEs स्थापित किए जा चुके हैं।
- ये केंद्र विभिन्न क्षेत्रों जैसे AI, रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, सामग्री विज्ञान आदि में अनुसंधान को बढ़ावा देते हैं।

108. [c]

व्याख्या:–

- नैनो-लिथोग्राफी वह तकनीक है जिसमें नैनोमीटर स्तर पर बहुत सूक्ष्म पैटर्न बनाए जाते हैं, और पैटर्न का कम से कम एक आयाम नैनोस्केल में होता है।

109. [a]

व्याख्या:-

- न्यूट्रोफिल
  (i) कणिकाएँ एम्फोफिलिक प्रकृति की होती हैं
  न्यूट्रोफिल की सैन्यूल्स न तो पूर्णतः अम्लीय होती हैं, न क्षारीय- इसलिए इन्हें एम्फोफिलिक कहते हैं।
  (ii) व्यास 10-15 μm तथा WBC का 60-70% भाग न्यूट्रोफिल सबसे अधिक संख्या में पाए जाने वाले श्वेत रक्त कण (WBC) हैं (लगभग 60-70%)।
  (iii) कणिकाओं में हाइड्रोलेस, विटामिन B1: बाइंडिंग प्रोटीन व लाइसोज़ाइम

110. [a]

व्याख्या:-

- कथन (a) : अधिकांश विटामिन मानव शरीर में संश्लेषित नहीं होते और आहार से प्राप्त किए जाते हैं। हालांकि, विटामिन D त्वचा में सूर्य प्रकाश (UVB) से संश्लेषित होता है और विटामिन A बीटा-कैरोटीन (जैसे गाजर) से परिवर्तित हो सकता है।

111. [a]

व्याख्या:-

- कथन-I (सही): प्राकृतिक ग्रीनहाउस प्रभाव पृथ्वी के औसत तापमान को लगभग 15°C पर बनाए रखता है। इसके बिना पृथ्वी का तापमान -18°C तक गिर सकता है, जिससे यहाँ जीवन असंभव हो जाता।
- कथन-II (गलत): ओजोन परत जो हानिकारक यूवी (UV) विकिरणों को रोकती है, वह समतापमंडल (Stratosphere) में स्थित होती है। क्षोभमंडल (Troposphere) में पाई जाने वाली ओजोन एक 'प्रदूषक' और 'ग्रीनहाउस गैस' की

112. [c]

व्याख्या:-

कथन-I (गलत): खाद्य टीके (Edible vaccines) ट्रांसजेनिक पौधों में बनाए जाते हैं, न कि ट्रांसजेनिक जीवाणुओं में।

- इन पौधों (जैसे आलू, टमाटर, केला) में एंटीजन प्रोटीन उत्पन्न कराया जाता है, जिसे खाने पर प्रतिरक्षा बनती है।

कथन-II (सही): खाने के रूप में दिए जाते हैं → दर्द रहित (no injection)

- उत्पादन आसान → कम लागत
- स्टोरेज आसान → कोल्ड-चेन की कम जरूरत

113. [a]

व्याख्या:-

- Assertion (A): राजस्थान जैसे शुष्क राज्य में ड्रिप सिंचाई (Drip Irrigation) का सबसे अधिक उपयोग फल, सब्जी और बागवानी फसलों में किया जाता है, क्योंकि इनमें पानी की बचत बहुत महत्वपूर्ण होती है।
- Reason (R): ड्रिप सिंचाई जल उपयोग दक्षता को बढ़ाकर वाष्पोत्सर्जन (evapotranspiration) हानि को कम करती है

114. [a]

व्याख्या :–

- Assertion (A):यदि किसी जीव में किसी विशेष जीन के दोनों एलील (Alleles) समान होते हैं, तो उस स्थिति को समयुग्मजी (Homozygous) कहा जाता है — सही
- Reason (R): समयुग्मजी जीव किसी लक्षण के लिए समान आनुवंशिक कूट (जैसे TT या tt) रखते हैं और इसलिए वे शुद्ध नस्ल (Pure-breeding) होते हैं — सही

115. [b]

व्याख्या:–

- कथन (A) बिल्कुल सही है
- कारण (R) गलत है: यहाँ वर्षों (Years) को आपस में बदल दिया गया है। वास्तव में, उदयपुर विज्ञान केंद्र की स्थापना वर्ष 1991 में हुई थी और कोटा विज्ञान केंद्र की स्थापना वर्ष 1994 में हुई थी।

116. [a]

व्याख्या:–

- Assertion (A): प्राचीन भारतीय चिकित्सक सुश्रुत को विश्व स्तर पर "प्लास्टिक सर्जरी का जनक" तथा "शल्य चिकित्सा का जनक" कहा जाता है — सही
- Reason (R): उनके द्वारा रचित ग्रंथ 'सुश्रुत संहिता' में लगभग 300 शल्य क्रियाओं तथा 120 से अधिक शल्य उपकरणों का विस्तृत वर्णन मिलता है — सही

117. [b]

व्याख्या:-

- वायुमंडल (Atmosphere) का सामान्य संघटन:
- नाइट्रोजन (N_2) ≈ 78% , – ऑक्सीजन (O_2) ≈ 21%
- कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) ≈ 0.03–0.04%
- हाइड्रोजन (H_2) ≈ बहुत अल्प मात्रा, 0.00005%
- ओज़ोन (O_3) ≈ 0.000004%

118. [a]

- Assertion (A):MOEMS का पूर्ण रूप "Micro-Opto-Electro-Mechanical Systems" (माइक्रो-ऑप्टो-इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम्स) है — सही
- Reason (R):यह तकनीक माइक्रो-स्केल पर प्रकाश (Optics) को नियंत्रित करने के लिए यांत्रिक (Mechanical), प्रकाशीय (Optical) और विद्युत (Electrical) प्रणालियों को एक साथ जोड़ती है — सही

119. [a]

व्याख्या:-

- A. 100 रु. × 120% = 120 रु. (A → 1)
  B. 50 रु. × 90% = 45 रु. (B → 2)
  C. 200 रु. × 125% = 250 रु. (C → 3)
  D. 80 रु. × 85% = 68 रु. (D → 4)

120. [a]

व्याख्या:-

- A और B का निवेश क्रमशः ₹4000 और ₹6000 है।
  समय समान है, इसलिए लाभ का अनुपात = निवेश का अनुपात होगा।
- निवेश का अनुपात = 4000 : 6000 = 2 : 3अतः कथन सही है।
- कारण भी सही है क्योंकि साझेदारी में लाभ का अनुपात = निवेश × समय के अनुपात के बराबर होता है, और यही कारण कथन की सही व्याख्या करता है। अतः विकल्प (a) सही होगा।

121. [b]

व्याख्या:-

- $(5)^2+(7)^2+(5)^2+(4)^2=115$
  $(7)^2+(6)^2+(5)^2+(2)^2=114$
  $(9)^2+(7)^2+(5)^2+(3)^2=164$

122. [b]

व्याख्या:-

श्रम की लागत = $\frac{97800}{360}\times 115.2=31296$ रुपये

123. [b]


व्याख्या:-

- सामग्री की लागत तथा प्रत्यक्ष खर्च का अंतर-
  $\Rightarrow \frac{97800}{360}(144-43.2)=27384$

124. [d]

व्याख्या:-

- औसत ब्याज दर = $\frac{300}{1550}\times\frac{100}{3}=\frac{200}{31}\%$
  मिश्रण नियम द्वारा,



125. [c]

व्याख्या:-

- माना कुल छात्रों की संख्या = x
  25% छात्र 10 वर्ष की कम आयु के हैं- $x\times\frac{25}{100}=\frac{x}{4}$
  $\frac{x}{4}=96+\frac{3}{4}\times 96$
  $\frac{x}{4}=168$
  $x=672$

126. [b]

व्याख्या:-

- 1 दिन का सरल ब्याज = 3 रु.
  1 वर्ष (365 दिन) का सरल ब्याज = 365 × 3 = 1095
  साधारण ब्याज = $\frac{P\times R\times T}{100}$
  जहाँ R = 4%T = 1 वर्ष
  $\therefore 1095=\frac{P\times 4\times 1}{100}$
  $P=1095\times 25$
  $P=27,375$

127. [b]

व्याख्या:-

- प्रायिकता का मान ऋणात्मक नहीं हो सकता है।

128. [d]

व्याख्या:-

- बेलन का आयतन = $\pi r^2h=\frac{22}{7}\times(2.5)^2\times 2=\frac{275}{7}cm^3$

129. [a]

व्याख्या:-

- माना त्रिभुजों के आधार क्रमशः 4x व 5x तथा ऊँचाइयाँ क्रमशः h_1 व h_2 हैं
  त्रिभुजों के क्षेत्रफलों का अनुपात = 8 : 15
  $\frac{4\times h_1}{5\times h_2}=\frac{8}{15}$
  $\frac{h_1}{h_2}=\frac{8}{15}\times\frac{5}{4}=\frac{40}{60}=\frac{2}{3}$
  $h_1:h_2=2:3$

130. [a]

व्याख्या:-

- दी हुई आकृत्ति में 11 त्रिभुज निहित हैं।


131. [c]

व्याख्या:-

- mnonopqopqrspqrstu

132. [d]


व्याख्या:-



अतः अभीष्ट अक्षर X होगा।

133. [b]

व्याख्या:-




134. [d]

व्याख्या:-

◈ कथन में कहीं भी राधिका की उत्पाद XYZ की लोकप्रियता के बारे में धारणा स्पष्ट नहीं होती और ना ही यह निश्चित होता है कि उत्पाद XYZ का बहिष्कार करना बुद्धिमानी है। अत: (d) विकल्प सही होगा।

135. [c]

व्याख्या:-



$PR^2 = 8^2+6^2$

PR= $\sqrt{64+36} = \sqrt{100} = 10$ किमी.

136. [a]

व्याख्या:-

◈ यदि वह बुद्धिमान है, तो परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाएगा कथन से स्पष्ट है कि परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए उसे बुद्धिमान होना चाहिए।

◈ अत: निष्कर्ष I सत्य है, परंतु निष्कर्ष II सत्य नहीं है, क्योंकि यह जरूरी नहीं है कि वह परीक्षा उत्तीर्ण कर ही लेगा, क्योंकि कथन में यदि वह बुद्धिमान है, का प्रयोग है इसलिए वह बुद्धिमान हो भी सकता है और नहीं भी।

137. [d]


व्याख्या:-



◈ अत: केवल (1) और (4) अनुसरण करते हैं।


138. [d]

व्याख्या:-



139. [d]

व्याख्या:-



140. [d]

व्याख्या:-

◈ आकृति (D) दी गई प्रश्न आकृति को पूर्ण करती है।

141. [b]

व्याख्या:-

◈ जनवरी 2026 में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 से 31 जनवरी तक मनाया गया। इसका आयोजन परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा किया गया तथा इसकी थीम "सीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तन" थी। अभियान का उद्देश्य केवल राष्ट्रीय राजमार्गों तक सीमित न होकर व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना था।

142. [c]

व्याख्या:-

◈ 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट से संबंधित सभी दिए गए कथन सही हैं:
(1) इसका आयोजन वाराणसी में हुआ —सही
(2) यह 4 से 11 जनवरी 2026 तक आयोजित हुआ —सही
(3) उद्घाटन संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ —सही
(4) इसमें 28 राज्यों की टीमें शामिल हुईं —सही
(5) कुल 58 टीमों ने भाग लिया —सही

143. [c]

व्याख्या:-

◈ (1) मुख्यमंत्री द्वारा शुभारम्भ — यह हर वर्ष बदल सकता है, इसलिए बिना वर्ष संदर्भ के पुष्टि नहीं की जा सकती।

◈ (2) पुरुष विजेता (निलेश आर्सेकर) — यह भी इवेंट-विशिष्ट परिणाम है, सामान्य तथ्य नहीं।

◈ (3) महिला विजेता (आरती राव) — यह भी वर्ष-विशिष्ट परिणाम है।

144. [a]

व्याख्या:-

◈ (A) में दिया गया लक्ष्य (83,000 विद्यालय, 1 करोड़+ MBU पूर्ण)

◈ (R) में दिया गया अभियान प्रारम्भ समय (सितंबर 2025) और UDISE+ एकीकरण

145. [c]

व्याख्या:-

◈ A. अवनि लेखरा - पैरा शूटिंग

◈ B. राम रतन जाट - अल्ट्रा मैराथन

◈ C. मेजर राजेन्द्र सिंह शेखावत - सेना मेडल (वीरता)

◈ D. राजपाल सिंह भाटी - बेस्ट ट्रैफिक पुलिस अवॉर्ड

146. [d]

व्याख्या:-

◈ कथन (A) सही है। राजस्थान कृषि उपज मंडी प्रांगण भूमि अर्जन नीति-2026 का उद्देश्य कृषि उपज मंडियों के लिए भूमि उपलब्ध कराना तथा मंडियों में सड़क, गोदाम, नीलामी प्लेटफॉर्म, पार्किंग आदि जैसी आधारभूत संरचना को मजबूत करना है।

◈ कारण (R) भी सही है। नीति में कुछ परिस्थितियों में भूमि देने वाले भू-धारकों को विकसित भूमि का निर्धारित प्रतिशत आवंटित करने का प्रावधान किया गया है, जिससे भूमि अर्जन को सुगम बनाया जा सके। यह प्रावधान नीति के उद्देश्य की पूर्ति में सहायक है।

147. [b]

व्याख्या:-

◈ 'नंद घर' के रूप में विकसित आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या 7,390 है, 8,390 नहीं। इसलिए कथन 6 गलत है।

148. [c]

व्याख्या:-

◈ राजस्थान कंपोनेंट-C में गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है। इसलिए कथन 4 गलत है।

149. [b]

व्याख्या:-

◈ मई 2026 में जारी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा, वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट IOM द्वारा, QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा तथा THE वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग टाइम्स हायर एजुकेशन द्वारा जारी की गई।

150. [d]

व्याख्या:-

◈ कथन (A): गुजरात के चोरायासी टोल प्लाजा पर भारत का पहला मल्टी-लेन फ्री फ्लो (बैरियर-रहित) टोलिंग सिस्टम लागू किया जाएगा — सही (सरकारी टोलिंग आधुनिकीकरण योजना के अनुरूप)


◈ कारण (R): यह प्रणाली ANPR और FASTag तकनीक का उपयोग कर बिना रुके टोल भुगतान की सुविधा देती है — सही

♦♦♦♦

विज्ञापन

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

अब सरकारी अफसर बनने की
राह हुई और भी आसान।



RAS

PRELIMS 2026

मरुधर RAS BATCH

LIVE FROM CLASSROOM
AND RECORDED BATCH

OFFLINE
नए बैच
प्रारंभ

Scan to Download
Lakshya App Now
Google play

राजस्थान की अनुभवी टीम, अब एक ही प्लेटफार्म पर



MRP : ₹ 280

व्याख्यात्मक हल
लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर
के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

CODE : APDO(35) NRT

S.No.AP0136

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

लक्ष्य क्लासेज™

M. 9079798005, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle,
Main Road, Udaipur